तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 27 जून 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 नए शिक्षा को 10 दिन गुजरे, विद्यार्थियों को नहीं मिलीं नि:शुल्क किताबें



(अंबिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अंबिकापुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561

## 50 फीट ऊंचे पहाड़ को खोदकर बना दिया समतल भूमि

# महामाया पहाड़ को धड़ल्ले से खोद रहे खनिज माफिया, दिन-रात चल रहा अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के गौरव महामाया पहाड़ की सुरक्षा बड़ी चुनौती बन गई है। लगातार शिकायतों के बाद एक तरफ विभाग लम्बे समय से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहा है दूसरी तरफ विभाग की लापरवाही से खनन माफिया बेखौफ होकर पहाड़ को खोदकर वनभूमि को समतल बना रहा है। हालत देखकर ऐसा लग रहा है कि वन अधिकारियों ने खनिज माफिया को अवैध उत्खनन एवं अतिक्रमण की खुली छूट दे दी है।

**खास बात**

- भूमि पर झोपड़ी बनाकर लोग कर रहे अतिक्रमण

लगातार शिकायतों एवं विभाग की कार्रवाई के बावजूद अभी महामाया पहाड़ की वनभूमि पर बने अवैध मकानों का निराकरण नहीं हो सका है। दो साल पूर्व से विभाग अवैध अतिक्रमण के मामलों का निराकरण करने में जुटा है। अभी पुराने मामलों का निराकरण नहीं हो सका है दूसरी तरफ लोग धड़ल्ले से वनभूमि में नए मकान बना रहे हैं वही व्यवसायिक अत्यंत महत्वपूर्ण स्थानों पर झोपड़ी एवं टपरी बनाकर वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण कर रहे हैं। पूर्व में अतिक्रमणकारी पहाड़ के स्वरूप को बदले बिना मकान बनाकर अवैध अतिक्रमण कर रहे थे लेकिन अब पहाड़ को खोदकर भूमि को समतल बनाने का खेल चल रहा है। लुचकी घाट के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के किनारे ही महामाया पहाड़ से दिन-रात मुरूम एवं पत्थर का धड़ल्ले से अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। वन अमले द्वारा पहाड़ की भूमि की निगरानी की हालत यह है माफिया अवैध उत्खनन के लिए शाम ढलने का इंतजार नहीं कर रहे हैं तथा दिन दहाड़े पहाड़ खोदकर मुरूम एवं पत्थर निकाल रहे हैं। दूरस्थ क्षेत्र में अवैध उत्खनन होने पर विभाग को समय पर जानकारी नहीं मिलने की बात सामने आती है लेकिन खनिज माफिया लुचकीघाट में एनएच 43 पर बने बायोडक्ट के किनारे ही पूरे दिन बेखौफ होकर मुरूम एवं पत्थर का खनन कर रहे हैं। मुरूम एवं पत्थर खनन के लिए बकायदा जेसीबी का उपयोग किया जा रहा है हर दिन सैकड़ों ट्रैक्टर एवं ट्रक से मुरूम एवं पत्थर का उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। पहाड़ का मुरूम एवं पत्थर परिवहन के लिए माफिया ने स्थल तक कच्ची सड़क तक बना डाला है।



महामाया पहाड़ का मुरूम खोदते जेसीबी।

### इन क्षेत्रों में अवैध खनन

खनिज माफिया महीनों से लुचकी घाट, बाधिया चुंआ, ऑक्सीजन पार्क के नीचे, महामाया मंदिर से सटे डबरीपानी एवं लालमाटी वनक्षेत्र से अवैध मुरूम एवं पत्थर का उत्खनन कर रहा है। माफिया ने 50 फीट ऊंचे पहाड़ को खोदकर सैकड़ों एकड़ भूमि को समतल बना दिया है। पहाड़ की भूमि समतल करने के बाद अब अवैध निर्माण एवं भूमि को खेत बनाने की तैयारियां चल रही है। शहर के आसपास की भूमि काफी महंगी होने के कारण दबंग काबिज भूमि का विक्रय करते है। जांच में शासकीय भूमि का कब्जा बेचने के कई मामले सामने आ चुके हैं।

### खनिज विभाग को देंगे सूचना

वन विभाग द्वारा एनएच से सटी पहाड़ की भूमि की कई बार जांच कराई जा चुकी है। यह भूमि राजस्व विभाग की है। अवैध खनन एवं परिवहन के संबंध में खनिज विभाग को सूचना दी जाएगी।

**श्वेता कम्बोज**
प्रशिक्षु आईएफएस

### विभाग की हो रही किरकिरी

संभाग मुख्यालय में शहर के बीच महामाया पहाड़ पर लम्बे समय से चल रहे अवैध अतिक्रमण मुरूम एवं पत्थर खनन को लेकर विभाग की लम्बे समय से किरकिरी हो रही है। दो साल पूर्व तक वन अमला अवैध अतिक्रमण एवं खनन की सूचना पर यदाकदा स्थल पर पहुंचा था तथा कुछ मामलों में कार्रवाई भी करता था लेकिन अब वन अधिकारियों ने महामाया पहाड़ पर अवैध अतिक्रमण एवं खनन की खुली छूट दे दी है। अधिकारियों की छूट के कारण पहाड़ की सुरक्षा के लिए तैनात वनकर्मी लम्बे समय से वनक्षेत्र का भ्रमण भी नहीं कर रहे हैं। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी आए दिन एनएच से गुजरते हैं लेकिन किसी ने भी इस संबंध में पूछताछ करने की हिम्मत नहीं जुटाई। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी पहाड़ के अस्तित्व को मिटाने के इस षडयंत्र से अनभिज्ञ बने हुए हैं। अवैध खनन एवं परिवहन पर नियंत्रण रखने वाले खनिज विभाग भी इस अवैध गतिविधि पर शांत है।

# भाजपा भी गजब, उप सरपंच को बनाया एल्डरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

प्रदेश भाजपा ने कल जारी किए एल्डरमैनों की सूची में एक सख्स को एल्डरमैन बनाया है जो पहले से दूसरे ग्राम पंचायत का उप सरपंच है। इस नियुक्ति के बाद स्थानीय भाजपा संगठन में खासी नाराजगी देखी गई। मामला राजपुर नगर पंचायत का है जहां नगर पंचायत में एल्डरमैन नियुक्ति को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद प्रभात रंजन त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्य सरकार की ओर से दो वर्ष बाद की गई एल्डरमैन नियुक्तियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर कई गंभीर आपत्तियां जताते हुए इसे चर्चा का विषय बताया है।

- निर्वाचित जनप्रतिनिधि को एल्डरमैन नियुक्त करने पर पार्षद ने जताई आपत्ति

श्री त्रिपाठी ने बताया कि सरकार ने लंबे इंतजार के बाद नगर पंचायतों में एल्डरमैन नियुक्त की है, लेकिन राजपुर नगर पंचायत में जिन नामों की घोषणा की गई है, उनमें कई सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से ग्राम पंचायत कोटागहना के उप सरपंच अनिल तिवारी को नगर पंचायत का एल्डरमैन बनाए जाने पर आपत्ति जताई। उनका कहना है कि यदि कोई व्यक्ति पहले से निर्वाचित जनप्रतिनिधि है, तो उसे मनोनीत पद पर नियुक्त किए जाने को लेकर नियमों और प्रक्रिया पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि पंकज गुप्ता जो वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन के गौ सेवा आयोग, पशुधन विकास विभाग की विकासखंड स्तरीय समिति के अध्यक्ष हैं, उन्हें भी एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। पार्षद ने दावा किया कि नगर पंचायत चुनाव के बाद कई कार्यकर्ताओं से एल्डरमैन बनाए जाने का आश्वासन दिया गया था। इतना ही नहीं लगभग 17 से 18 संभावित नामों की सूची भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। हालांकि अंतिम सूची जारी होने के बाद कई दावेदारों और समर्थकों को निराशा हाथ लगी। सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक उमेश झा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भारत की सबसे बड़ी पार्टी है एल्डरमैन की नियुक्ति के संबंध में उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नगर पंचायत निवासी नहीं है उसे कैसे बनाया गया समझ से परे है।

### अगली सूची में सुधार कर आएगा



स्थानीय स्तर के लोगो से नाम आया था, सूची सुधार हेतु नाम भेजा गया है। अगली सूची में नाम सुधार कर आएगा।

**-ओम प्रकाश जायसवाल**
भाजपा जिलाध्यक्ष

## खबर संक्षेप

### उत्कर्ष योजना के तहत 5 जुलाई को प्रवेश परीक्षा

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत राज्य की उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित शालाओं में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश दिलाने हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई को किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा 12 बजे से 2 बजे तक परीक्षा केंद्र कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगी। जिला प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई है कि त्रुटिवश अथवा अन्य किसी कारण से प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले किसी छात्र-छात्रा को प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं हो पाता है, तो वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ परीक्षा केंद्र में परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटा पूर्व उपस्थित होकर केंद्राध्यक्ष से संपर्क कर प्रवेश पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

### सूरजपुर के तीन पीएमश्री स्कूलों ने शीर्ष 5 में बनाई जगह

**अम्बिकापुर।** सूरजपुर जिले के तीन पीएमश्री स्कूलों ने राज्य स्तर पर पांच शीर्ष में अपनी जगह बनाई है। गौरव का विषय है कि पिछले तीन वर्षों के पीएमश्री विद्यालयों के प्रदर्शन मूल्यांकन में राज्य के शीर्ष 5 विद्यालयों में सूरजपुर जिले में तीन पीएमश्री विद्यालयों ने अपनी जगह बनाई है। राज्य स्तर पर उत्कृष्ठता का गौरव हासिल करने वाले स्कूलों में शासकीय उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बतरा तथा पीएम श्री उत्कृष्ठ विद्यालय प्रेमनगर शामिल है।

### लकवा बीमारी से पीड़ित ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** लंबे समय से लकवा बीमारी से पीड़ित ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पंपापुर खुटनपारा निवासी सीधारण सिंह पैकरा आ. स्व. घुरन सिंह पैकरा (61 वर्ष) लंबे समय से लकवा बीमारी से पीड़ित था। 25 जून को तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार कराने के लिए लेकर आ रहे थे तभी उसकी रास्ते में मौत हो गई। परिजन वृद्ध को लेकर आपातकालीन केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इधर संदिग्ध हालत वृद्ध की मौत हो जाने पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



# स्कूल भवन पर गिरी गाज, 4 छात्राएं घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम पंचायत बैकोना के पूर्व माध्यमिक शाला झालापारा में गुरूवार को दोपहर में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब स्कूल भवन पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गयी तथा गाज की चपेट में आने से कक्षा में पढ़ाई कर रही चार छात्राएं घायल हो गई। अचानक हुई इस घटना में बच्चें चिखने-चिल्लाने लगे।

- गुरूवार दोपहर की घटना, इलाज के बाद घायलों की स्थिति सामान्य

गुरूवार को रोज की तरह दोपहर की छुट्टी के बाद पूर्व माध्यमिक शाला माझापारा की कक्षाएं संचालित हो रही थी। इस दौरान आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही तेज गरज-चमक हो रही थी। अपराह्न ढाई बजे गरज-चमक के साथ स्कूल भवन पर आकाशीय बिजली गिरी तथा कक्षा में पढ़ाई कर रही छात्रा मनशीला (13वर्ष), नेहा (14वर्ष), रीना पैकरा (14वर्ष) एवं राधिका (13वर्ष) गाज की चपेट में आकर घायल हो गई। घटना की गंभीरता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है पलभर में नेहा एवं राधिका के कपड़े तक झुलस गए। सूचना पर तत्काल एम्बुलेंस से घायल छात्राओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां बीएमओ डॉ.अजीत दीवान के निर्देशन में चिकित्सकों ने तत्काल उपचार प्रारंभ किया।

बीएमओ डॉ.दीवान ने बताया कि उपचार से घायल छात्राओं का स्वास्थ्य सामान्य है तथा सभी छात्राएं खतरे से बाहर हैं।

### स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश पंजीयन 2 तक

**अम्बिकापुर।** शासकीय राजीव गांधी पीजी कॉलेज में स्नातकोत्तर कला, विज्ञान, वाणिज्य, समाजशास्त्र, बी लिब, पीजीडीसीए एवं एलएलबी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी 1 जुलाई तक अपना ऑनलाइन पंजीयन करा सकते है। प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि कॉलेज द्वारा प्रवेश के लिए प्रथम मेरिट सूची 2 जुलाई को प्रकाशित किया जाएगा।

### मोबाइल दुकान का ताला तोड़ चोरों ने पार किया नगदी व मोबाइल

**अम्बिकापुर।** भैयाथान सूरजपुर रोड स्थित मोबाइल दुकान का ताला तोड़ चोरों ने नगदी सहित कीमती मोबाइल चोरी कर ले गए। झिलमिल थाना अंतर्गत ग्राम करकोटी निवासी ऋषभ पांडेय आ. सुरेन्द्र पाण्डेय (25 वर्ष) हर रोज की भांति 24 जून को सूरजपुर रोड स्थित अपने मोबाइल दुकान को बंद कर घर चला गया। दूसरे दिन सुबह पड़ोसी दुकानदार शाहिद ने फोन कर बताया कि उसके मोबाइल दुकान का ताला टूटा हुआ है। संचालक दुकान पहुंचा तो देख दुकान में सामान बिखरे हुए है। जब दुकान के काउंटर में रखा नकद 3 हजार रुपए के अलावा दुकान में रखे कीमती मोबाइल गायब थे। संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बाइक से गिरी वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** नाती के साथ बाइक से शहर स्थित बैंक से रुपए निकाल कर घर जा रही थी। इसी बीच रास्ते में बाइक चालक ने साइकिल सवार को बचाने के चक्कर नियंत्रण खो दिया जिससे वृद्धा सड़क पर गिर गई। दुर्घटना में गंभीर हुई वृद्धा की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बतौली थाना अंतर्गत ग्राम करदना स्कूल पारा निवासी निम्हा मझवार पति भजन मझवार (60 वर्ष) 25 जून की सुबह नाती मोतीलाल के साथ बाइक से शहर स्थित बैंक में पैसा निकालने आई थी। बैंक से पैसा निकालने के बाद दोनों वापस घर जाने लगे। जैसे ही पहाड़ चिरगा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे साइकिल सवार गंगाराम को बचाने के चक्कर में मोती लाल बाइक से नियंत्रण को बैठा जिससे पीछे बैठी वृद्धा सड़क पर गई वहीं साइकिल से बाइक के टकरा जाने से मोतीलाल घायल हो गया। मोतीलाल ने घायल नानी को गंगाराम के साथ शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही घटना की सूचना निम्हा के पुत्र जगत राम को दी। वृद्धा की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को परिजन के आने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



अंबिकापुर के छात्रों के लिए डॉक्टर बनने का सुनहरा अवसर
- TOP RANK GOVERNMENT UNIVERSITY FOR MBBS IN ABROAD
- 600 से अधिक छात्र-छात्राएं यहां अध्ययन कर छत्तीसगढ़ के निजी व सरकारी अस्पतालों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।
- नेशनल मेडिकल काउंसिल (NMC) से प्रमाणित एवं सभी देशा निर्देशों के तहत संचालन
- NEXT की Coaching प्रथम वर्ष से ही दी जाती है।
- अंग्रेजी माध्यम से 5.5 वर्षो का संपूर्ण अध्ययन
- छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध।
- भारतीय खाना-पीना के लिए मेस सुविधा उपलब्ध
- 5000 से अधिक इंडियन स्टूडेंट अध्यनरत

ADMISSION SEMINAR
DATE : 28 JUNE 2026
TIME : 10 AM TO 7 PM
VENUE
Hotel Shree laxmi Residency, Ambikapur
STUDY IN TOP GOVT. MEDICAL COLLEGES

ISM FOCAL POINT C.G.
FF-25,1st Floor, Shyam Plaza, Pandri, Raipur
Contact: +91 9993266679, + 91 9993266688

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिली महिला की सड़ी-गली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पुलिस थाना राजपुर अंतर्गत ग्राम चौरा स्थित हुड़हुड़ नाला में एक महिला की सड़ी-गली लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई।

- जांच में जुटी पुलिस, पहचान के लिए बुलाये गए परिजन

पुलिस, एफएसएल, चिकित्सकों की संयुक्त टीम ने घटनास्थल पर मृतिका की पहचान सहित मौत के कारणों का पता लगाने की कोशिश की। कारणों का पता नहीं चलने पर लाश को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेजा गया है। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि ग्राम चौरा के सरपंच ने पुलिस को हुडहुड़ नाला में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की सड़ी-गली लाश होने की सूचना दी। सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के साथ ही निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों, एफएसएल के साथ थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे। महिला की लाश को जंगली जानवरों द्वारा नोचा गया है। महिला की लाश पर काले रंग का पेटीकोट एवं सफेद रंग का ब्लाउज है। पंचनामा बनाकर लाश को जांच के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है।

उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में महिला के खड़गवां पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पंपापुर से लापता होने की सूचना मिली है तथा शिनाख्त के लिए परिजन को बुलाया गया है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
- ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
- C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत पटना को मिले 3 एल्डरमैन



**बैकुण्ठपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में एल्डरमैन पार्षदों की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं। विभाग के उप सचिव द्वारा जारी आदेश के तहत कोरिया जिले के नगर पंचायत पटना में तीन एल्डरमैन पार्षदों की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश के अनुसार नगर पंचायत पटना में वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी जवाहरलाल गुप्ता के अलावा रितेश सिंह एवं श्रीमती मीरा सोनी को मनोनीत पार्षद बनाया गया है। एल्डरमैन पार्षदों की नियुक्ति से भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर नवनियुक्त मनोनीत पार्षदों ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर पटना नगर के विकास कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान के अंतर्गत पंचायत विकास योजना विषय पर जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायत स्तर पर संचालित विकास योजनाओं की जानकारी को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना तथा कार्यकतार्ओं की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायत विकास योजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतिभागियों को पंचायतों में विकास कार्यों की योजना निर्माण प्रक्रिया, जनभागीदारी, स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों के चयन तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, पोषण अभियान तथा अन्य महत्वपूर्ण ग्रामीण विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा स्वच्छ ग्राम निर्माण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया।

### 2 से गूंजेगा विकसित भारत जी राम जी का संकल्प

**बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के रजत महोत्सव वर्ष में ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और आजीविका संवर्धन की दिशा में एक नई ऐतिहासिक शुरूआत होने जा रही है। भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई 2026 से लागू की गई विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) - वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 के तहत 2 जुलाई को राज्य, जिला और विकासखंड स्तर पर व्यापक जन-जागरूकता एवं जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस नई योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को प्रतिवर्ष 125 दिनों के रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिले में इस अवसर पर मनेंद्रगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत पिपरिया, खड़गवां विकासखंड के ग्राम पंचायत खड़गवां तथा भरतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कुंवारी में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों को योजना की जानकारी देने के साथ-साथ रोजगार, जल संरक्षण, आजीविका संवर्धन एवं ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जागरूक किया जाएगा। कलेक्टर संतन देवी जांगड़े के मार्गदर्शन में आयोजित तैयारियों की समीक्षा बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।


**पढ़ाई हो रही है प्रभावित**

**अभिभावक शिक्षा व्यवस्था पर उठा रहे सवाल, विभाग का यह दावा अब खोखला साबित होता नजर आ रहा**

# नए शिक्षा को 10 दिन गुजरे, विद्यार्थियों को नहीं मिलीं निःशुल्क किताबें

**बैकुंठपुर।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हुए 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन सरकारी स्कूलों के बच्चों को अब तक निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें नहीं मिल सकी हैं। जबकि शिक्षा विभाग ने दावा किया था कि स्कूल खुलने के साथ ही बच्चों को पुस्तकों का वितरण कर दिया जाएगा।

विभाग का यह दावा अब खोखला साबित होता नजर आ रहा है। निःशुल्क पुस्तकों का समय पर वितरण नहीं होने से विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बच्चे बिना किताबों के ही स्कूल आने को मजबूर हैं। शिक्षकों का कहना है कि बच्चों के पास किताबें नहीं होने से उन्हें सिलेबस समझने में परेशानी हो रही है और



अध्ययन-अध्यापन कार्य भी प्रभावित हो रहा है। जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के विभिन्न संकुलों में नए शिक्षा सत्र के 10 दिन बाद भी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें नहीं मिल पाई हैं। इसके कारण स्कूलों में पढ़ाई व्यवस्था पूरी तरह पटरी पर नहीं आ सकी है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा स्कूलों में पुस्तकों की आपूर्ति की जाती है, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते जिले के कई संकुलों में अब तक पुस्तकों की खेप नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में बच्चों को अपनी पढ़ाई के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

### पुरानी पुस्तकों से चल रहा काम

नई पुस्तकें नहीं मिलने के कारण जिले के कई विद्यालयों में शिक्षकों ने पिछले सत्र में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं से पुरानी किताबें जमा कराकर वर्तमान विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई हैं। इन्हीं पुस्तकों से पढ़ाई कराई जा रही है। हालांकि कई पुरानी पुस्तकें फट चुकी हैं, जिससे बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### कब सुधरेगी व्यवस्था

हर वर्ष नया शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले शिक्षा विभाग द्वारा दावा किया जाता है कि स्कूल खुलते ही बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करा दी जाएंगी, लेकिन स्कूल खुलने के बाद स्थिति इसके विपरीत नजर आती है। अब सवाल उठ रहा है कि विभाग बच्चों को किताबों के लिए और कितने दिनों तक इंतजार करवाएगा।

**जून समाप्ति की ओर फिर भी झमाझम बारिश नहीं, हल्की बारिश ने बढ़ाई उमस**

# मानसून की बेरुखी से किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मानसून की झमाझम बारिश के इंतजार में किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं, लेकिन जून माह समाप्त होने को है और अब तक क्षेत्र में अच्छी बारिश की शुरूआत नहीं हो पाई है। इससे खेती-किसानी का काम पिछड़ने की आशंका बढ़ गई है। हालांकि कोरिया जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बीच-बीच में बारिश हो रही है, लेकिन कहीं भी लगातार तेज बारिश नहीं हो रही है।

वर्तमान स्थिति में जिले में खंड वर्षा जैसे हालात बनने लगे हैं। जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से सोनहत एवं बैकुण्ठपुर विकासखंड के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हो रही है, लेकिन बादल थोड़ी देर बरसने के बाद छंट जा रहे हैं। जून का महीना समाप्त होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं। पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण जिले में खेती-किसानी की शुरूआत पूरी तरह नहीं हो पाई है। जिन किसानों के खेत सिंचित क्षेत्र में हैं, उनके द्वारा धान का थरहा लगाने का काम शुरू किया गया है, लेकिन यह कार्य सीमित किसानों तक ही है। मानसून की बेरुखी से किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं होती है तो धान की फसल पिछड़ सकती है। यही कारण है कि किसानों की निगाहें लगातार आसमान पर टिकी हुई हैं। हालांकि शुक्रवार को जिले के कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश होने की जानकारी मिली, वहीं कई जगहों पर बादल जमकर गरजे लेकिन बिना बरसे ही छंट गए।



खेती की तैयारी करते किसान।



शुक्रवार को हुई हल्की बारिश आंधी के दौरान गिरा पेड़।

### गरज-चमक के साथ पड़ी बौछार

शुक्रवार दोपहर अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला। तेज हवाओं के साथ गरज-चमक शुरू हुई और शहर में कुछ देर के लिए बौछार पड़ी, लेकिन इसके बाद बारिश थम गई। बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से लोगों को परेशान होना पड़ा। मानसूनी सीजन में अब भी लोग झमाझम बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

### बैंक के सामने टूटा पेड़ का हिस्सा

शुक्रवार दोपहर तेज हवाओं के दौरान मुख्य मार्ग स्थित यूको बैंक के सामने यूकेलिप्टस पेड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया। गनीमत रही कि शुक्रवार को मोहर्रम का अवकाश था, जिससे वहां लोगों की आवाजाही कम रही, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

### आंधी-बारिश के बीच बिजली हुई गुल

शुक्रवार दोपहर आंधी के साथ बौछार शुरू होते ही शहर क्षेत्र की बिजली गुल हो गई और घंटों तक बंद रही। बारिश के बाद बढ़ी उमस के कारण लोगों को घरों में परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर क्षेत्र में आंधी या हल्की बारिश के दौरान बिजली कटौती की समस्या आम हो गई है। बरसात से पहले मेंटेनेंस के बावजूद उपभोक्ताओं को बिजली समस्या से जूझना पड़ रहा है।



थाने में खड़ी जब्त वाहन।

## अवैध रेत परिवहन करते 5 मिनी हाइवा, 5 ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में अवैध खनिज रेत के परिवहन के विरुद्ध खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 21 जून से 24 जून 2026 के बीच बैकुंठपुर, पटना एवं चरचा क्षेत्र में कुल 10 वाहनों को जब्त किया है। इनमें 5 मिनी हाईवा एवं 5 ट्रैक्टर शामिल हैं।

खनिज विभाग की गश्ती टीम ने इन वाहनों को बिना वैध अनुमति के खनिज रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा। कार्रवाई के बाद सभी जब्त वाहनों को संबंधित थाना बैकुंठपुर, चरचा एवं पटना की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग ने बताया कि संबंधित वाहन मालिकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 की धारा 71 तथा खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23(ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिला खनिज अधिकारी ने कहा कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित निरीक्षण एवं सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## छेड़छाड़ के आरोपी को अब तक नहीं पकड़ पाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अपने घर के निकट बकरी चरा रही एक अजजा वर्ग की बालिका के छेड़छाड़ के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया लेकिन एक सप्ताह में भी आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जिसे लेकर पीड़िता के परिजन परेशान है।



- बकरी चरा रही बालिका के साथ हुई थी घटना

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार सिटी कोतवाली क्षेत्र में बीते 20 जून को दोपहर लगभग 2:30 बजे अजजा वर्ग की बालिका अपने घर के निकट खेत में बकरी चरा रही थी और वह सड़क किनारे खड़ी थी इसी दौरान आरोपी नरकेली मण्डलपारा निवासी शिवेंद्र यादव पहुंचा और बकरी चरा रही बालिका का हाथ पकड़ कर जबरन खिंचते हुए पास ही अपने मकान में ले गया और बदनियती से छेड़छाड़ करने लगा इसी दौरान शोर मचाने पर पीड़ित बालिका के परिजन आए तो आरोपी मौके से फरार हो गया।

इस घटना की प्राथमिकी पीड़िता ने सिटी कोतवाली में दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने आरोपी शिवेंद्र यादव के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 127 2, 74 तथा धारा 3 1 व्ही अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर लिया लेकिन एक सप्ताह में भी पुलिस आरोपी को अपने गिरफ्त में नहीं ले सकी इसे लेकर पीड़िता के परिजन परेशान हैं और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

### कटकोना एसईसीएल क्वार्टर में 50 हजार की चोरी, जुर्म दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** जिले के पटना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटकोना स्थित एसईसीएल क्वार्टर में अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए स्कूटी सहित करीब 50 हजार रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की शिकायत पीड़ति ने थाना पटना में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम कटकोना निवासी एवं एसईसीएल कर्मचारी अमन वर्मा बीते 20 जून की रात करीब 9 बजे अपने क्वार्टर में ताला लगाकर अंबिकापुर गए थे। 24 जून को दोपहर करीब 3 बजे वापस लौटने पर देखा कि मकान की पिछली खिड़की टूटी हुई थी तथा पीछे का दरवाजा खुला था। घर के अंदर प्रवेश करने पर सामान बिखरा पड़ा मिला। चोर घर से एक्टिवा स्कूटी, गैस सिलेंडर, सीलिंग फैन, दो पेन ड्राइव, बाइक की बैटरी, दो हार्ड डिस्क, गुल्लक में रखी नकदी तथा अंडरग्राउंड कैप लैंप चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 50 हजार रुपए बताई गई है। पीड़ति की लिखित शिकायत पर थाना पटना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है।

## बीएससी नर्सिंग 6 वें सेमेस्टर में छात्राओं ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शिक्षा, समर्पण और सतत परिश्रम का जब समन्वय होता है, तब सफलता स्वयं मार्ग प्रशस्त करती है। इसी सत्य को चरितार्थ करते हुए न्यू लाईफ हेल्थ एंड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बैकुंठपुर की छात्राओं ने बी.एससी. नर्सिंग छठवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा घोषित बी.एससी. नर्सिंग छठवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कठिन परिश्रम का अनुपम परिचय दिया। संस्थान का परिणाम न केवल शत-प्रतिशत सफलता का प्रतीक बना, बल्कि गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान की उत्कृष्टता को भी प्रमाणित करता है। घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार छात्रा आकृति साहू ने 73.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आयुषी साहू ने 72.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि आंचल साहू ने 72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज कराई। तीनों छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि ने महाविद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण निर्मित कर दिया। नर्सिंग शिक्षा केवल एक पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा,





संवेदना और मानवता की साधना है। ऐसे में छात्राओं द्वारा प्राप्त यह सफलता उनके शैक्षणिक कौशल के साथ-साथ उनके समर्पण, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है।

परीक्षा परिणाम ने यह सिद्ध कर दिया है कि न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग विद्यार्थियों को केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सक्षम और संवेदनशील पेशेवर भी तैयार कर रहा है। उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाली छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद, शिक्षकों के मार्गदर्शन, संस्था प्रबंधन के सहयोग तथा नियमित अध्ययन को दिया। छात्राओं ने कहा कि संस्थान में उपलब्ध शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन और अनुशासित अध्ययन प्रणाली उनकी सफलता का प्रमुख आधार रही है। इस अवसर पर संस्था प्रबंधन ने छात्राओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता संस्थान के शिक्षकों और विद्यार्थियों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी संस्थान के विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने सफल छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्राप्त यह उपलब्धि उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव सिद्ध होगी। उन्होंने छात्राओं को निरंतर अध्ययन, सेवा भावना और पेशेवर दक्षता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग का यह शानदार परीक्षा परिणाम न केवल छात्राओं की मेहनत का प्रतिफल है, बल्कि यह संस्थान की गुणवत्ता, शैक्षणिक उत्कृष्टता और समर्पित शिक्षण व्यवस्था का भी जीवंत प्रमाण है।

## मातेश्वरी जगदंबा का 61वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

ब्रह्माकुमारी संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती, जिन्हें सभी स्नेह से मम्मा कहते थे, का 61वां पुण्य स्मृति दिवस बैकुंठपुर में आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त से देर रात तक योग, तपस्या एवं स्मृति कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह संस्था से जुड़े भाई-बहनों ने मातेश्वरी मां को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में बीके रेखा बहन ने मम्मा के जीवन चरित्र और विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मम्मा के दो मुख्य स्लोगन थे— हर घड़ी अंतिम घड़ी है, और हुकमी हुकुम चल रहा है। उन्होंने बताया कि मम्मा का स्वभाव अत्यंत शीतल और मधुर था। किसी भी आत्मा के प्रति उनके मुख से कभी अशुभ शब्द नहीं निकलते थे। वे शांति की प्रतिमूर्ति और प्रेम की मूरत थीं। कैसी भी परिस्थिति आने पर उन्होंने हमेशा गंभीरता और धैर्यता के साथ उसका सामना किया। उन्होंने कहा कि मम्मा सदा अलर्ट और एक्यूरेट रहती थीं। बाबा का कहना और मम्मा का करना, यही उनकी विशेषता थी। कर्म क्षेत्र रूपी संसार में कर्म करना आत्मा का अनादि धर्म है। कर्म करना समस्या नहीं है, बल्कि कर्म करते समय देह अभिमान, आसक्ति, स्वार्थ और विकारों के प्रभाव में आ जाना ही दुख का कारण बनता है। मातेश्वरी जगदंबा ने समझाया कि परमात्मा कर्म छोड़ने की शिक्षा नहीं देते, बल्कि कर्मों को पवित्र और श्रेष्ठ बनाने की प्रेरणा देते हैं। कर्मयोग के माध्यम से कर्म करते हुए भी कर्मबंधन से मुक्त रहा जा सकता है। मम्मा का जन्म वर्ष 1919 में अमृतसर के एक साधारण परिवार में हुआ था। उनका बचपन का नाम ओम राधे था। बचपन से ही वे कुशाग्र बुद्धि और प्रतिभावान थीं। कहा जाता है कि ब्रह्मा बाबा द्वारा बताई गई ज्ञान की बातों को वे एक बार सुनकर ही जीवन में उतार लेती थीं। 24 जून 1965 को उन्होंने अपनी नश्वर देह का त्याग कर संपूर्णता को प्राप्त किया। कार्यक्रम में संस्था से जुड़े लगभग 100 ब्रह्मा भाई-बहन उपस्थित रहे।



### किसानों को मिला वैज्ञानिक खेती का ज्ञान

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के किसानों को आत्मनिर्भर, जागरूक और आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित कृषक उन्नति योजना के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिले के तीनों विकासखंडों में आयोजित शिविरों में किसानों को खेती में नवाचार, प्राकृतिक कृषि, फसल विविधीकरण तथा डिजिटल कृषि सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इन कार्यक्रमों में किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाने के उपायों को समझा। विकासखंड मनेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायत बुंदेली, साल्ही, पिपरिया, पारसगढ़ी, हर्रा, बिरौरीडांड, पसौरी, घुटरा, ताराबहरा एवं बाला में आयोजित शिविरों में किसानों को कृषि क्षेत्र में हो रहे नवीन बदलावों की जानकारी दी गई।

## नशे और साइबर ठगी से बचाव का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शुक्रवार को टावर चौक में आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी उप निरीक्षक आनंद सोनी के नेतृत्व में उप निरीक्षक कैशव ने अभियान के दौरान नागरिकों को नशा मुक्ति, साइबर अपराधों से बचाव तथा डिजिटल सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में लोगों को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। युवाओं से विशेष रूप से अपील की गई कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इसके साथ ही पुलिस ने बढ़ते साइबर



फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड, ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, ओटीपी ठगी और डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर अपराधों के तरीकों से लोगों को अवगत कराया। नागरिकों को समझाया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाता, एटीएम कार्ड, ओटीपी, सीवीवी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर बिना जांच के विश्वास न करें।पुलिस ने यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी या किसी अन्य सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल या फोन पर डराने-धमकाने का प्रयास करे और पैसों की मांग करे, तो यह डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर ठगी हो सकती है। ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत कॉल काटें और पुलिस अथवा साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं।

## पेयजल आपूर्ति के लिए जीएम को सौपे ज्ञापन

**बिजुरी।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 के पार्षद एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी बिजुरी के अध्यक्ष जय कुमार तथा कांग्रेस जन ने नगर में उत्पन्न पेयजल समस्या के संबंध में एसईसीएल महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर नियमित पेयजल आपूर्ति के लिए ज्ञापन सौंपा है। इसमें उल्लेख किया गया है कि वार्ड नंबर 10 में स्थित ओवरहेड टैंक में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है,इस टैंक से वार्ड के अलावा लगभग 10 पाइप लाइनों में पानी की सप्लाई की जाती है। बिजुरी कालरी खदान के पंप क्रमांक 4 के द्वारा यहां पर आपूर्ति की जाती है जिसकी मोटर कई माह से खराब है जिससे पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बंद है,इसके कारण नगर और वार्ड के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इस संबंध मे पूर्व मे सबएरिया मैनेजर तथा तहसीलदार को भी अवगत कराया गया था लेकिन कुछ समय तक सब ठीक था उसके बाद पुनः वही पुरानी स्थिति निर्मित हो गई है।

## खबर संक्षेप



### जागरूकता कार्यशाला में विद्युत समस्याओं के निराकरण पर चर्चा

**अम्बिकापुर।** ग्रामीण विद्युत संभाग कार्यालय में उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष डीके सैनी एवं सदस्य अधीक्षण अभियंता कार्यालय की अभियंता श्रीमती मेरी लिली तिर्की के आतिथ्य में गुरूवार को जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्युत उपभोक्ताओं के अधिकारों, सेवाओं तथा शिकायत निवारण व्यवस्था के प्रति जागरूक किया गया। कार्यशाला में फोरम के अध्यक्ष डीके सैनी ने कहा कि बिजली बिल की त्रुटि, मीटर रीडिंग में गड़बड़ी, विद्युत सप्लाई तथा बिजली संबंधी समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं किये जाने की स्थिति में उपभोक्ता फोर में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायतों का निराकरण फोरम द्वारा सुनवाई के बाद किया जाता है। फोरम की ओर से विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विद्युत नियामक द्वारा निर्धारित समय-सीमा से अवगत कराया गया तथा अधिकारियों को उपभोक्ताओं की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण करने की सलाह दी गई। कार्यशाला में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्युत उपभोक्ता के साथ संचार संधार संभाग के कार्यपालन अभियंता आर नागवंशी, शहर संभाग के कार्यपालन अभियंता, जेपी राजवाड़े, सहायक अभियंता श्रीमती रश्मि तिर्की, सूरजीत कुमार गुप्ता, अक्षय कुमार सिंह, कैलाश कुमार देवांगन सहित कनिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।

### पालतू बिल्ली में जटिल आंत की सर्जरी कर निकाला गया जिंदा परजीवी का गुच्छा

**लखनपुर।** पालतू बिल्ली में जटिल आंत की सर्जरी पशु चिकित्सालय में पदस्थ डॉ. सफदर अली खान एवं उनके टीम द्वारा किया गया। अंबिकापुर के राधे कृष्णा की 3 माह की पालतू बिल्ली पिछले 2 सप्ताह से बार-बार उल्टी से परेशान थी, विशेषकर खाने के तुरंत बाद लगातार उल्टी कर देती थी। पशु मालिक ने बताया कि उनकी पालतू बिल्ली कुछ दिनों से मल त्याग करना बंद कर दिया और उल्टी करने से बहुत कमजोर हो गई तथा चलने फिरने में कठिनाई हो रही है। पशु मालिक दवा उपचार कराकर थक चुके थे। डॉ. सफदर द्वारा पशु मालिक के रजामंदी के बाद पिड़ित बिल्ली का एक्सप्लोरेटरी लैपरोटामी सर्जरी करने का निर्णय लिया गया। सर्जरी के दौरान आंत में एक जगह अवरोध मिला,अवरोध में परजीवी गुच्छा मिला, जिसको आंत की सर्जरी कर निकाला गया। डॉ. सफदर ने बताया कि आंत में परजीवी गुच्छा फसने के कारण आंतों में रुकावट हो गया, जिससे आंत में पूर्ण रुकावट पैदा हो जाने से भोजन, पानी और गैस का प्रवाह रुक गया था। अभी बिल्ली की स्थिति नाजुक बनी हुई तथा चिकित्सा निगरानी में उपचार जारी है।

### प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ ने किया सांकेतिक धरना प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के लिए जन घोषणा पत्र छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी 2023 पूरा करने की मांग को लेकर आज प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि चुनावी घोषणा पत्र छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी 2023 घोषणा पत्र में घोषणा किया गया है कि मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लाक कोऑर्डिनेटर के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि किया जाएगा एवं मितानिन कर्मचारियों को एनएचएम अंतर्गत संविलियन किया जाएगा। किंतु इसके विपरीत प्रशासन द्वारा पुनः मितानिन कार्यक्रम के संचालन हेतु निजी संस्था को दे दिया गया है जिससे प्रदेश के सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लाक कोऑर्डिनेटर निराश है। प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ की मांग है कि मोदी की गारंटी घोषणा पूर्ण कर मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लाक कोऑर्डिनेटर के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि एवं एनएचएम अंतर्गत संविलियन करने की मांग की है। इस दौरान बड़ी संख्या में जिले की मितानिन मौजूद रहे।

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

## कार्रवाई से रेत तस्करों में हड़कम्प

# कासापारा रेत घाट पर संयुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई, 14 रेत लोड वाहन जब्त



नदी में खड़े रेत लोड ट्रक।



कार्रवाई करने पहुंचे संयुक्त टीम के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के प्रतिबंध के बावजूद जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का खेल जारी है। इसका खुलासा शुक्रवार को कासापारा रेत घाट पर प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा की गई औचक छापेमारी में हुआ, जहां रेत से लदे 14 मिनी ट्रकों को पकड़ा गया।

**खास बात**
- वाहन छोड़ फरार हुए चालक, परिचालक व मजदूर

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम में तहसीलदार सूर्यकांत साय, जिला खनिज अधिकारी भूषण पटेल, आरटीओ उड़नदस्ता अंबिकापुर तथा पुलिस बल शामिल था। सुबह करीब 11 बजे टीम ने कासापारा नदी घाट पर दबिश दी। मौके पर नदी के भीतर कई मिनी ट्रक रेत लोड कर बाहर निकलने की तैयारी में मिले। टीम ने रास्ता अवरुद्ध कर सभी वाहनों को रोक लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल और अधिकारियों को देखकर वाहन चालक, परिचालक और मजदूर मौके से भाग निकले। कुछ चालकों ने अधिकारियों के सामने ही वाहन में भरी रेत नदी में खाली कर दी। संयुक्त टीम ने पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी कराई तथा वाहनों के नंबर और चेसिस नंबर दर्ज कर सभी वाहनों को जयनगर थाना भेजने की कार्रवाई शुरू की। जिला खनिज अधिकारी भूषण पटेल ने बताया कि हाल ही में शासन ने अवैध खनिज परिवहन पर अर्थदंड 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया है। इसके अलावा खनिज की मात्रा के अनुसार अलग से जुर्माना भी वसूला जाएगा। जब्त किए गए वाहनों में अधिकांश वाहन सीजी-15 श्रृंखला के हैं, जबकि एक वाहन सीजी-29 श्रृंखला का है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कुछ वाहन कोरिया जिले, कुछ अंबिकापुर-सिलफिली क्षेत्र तथा कुछ स्थानीय रेत कारोबारियों से जुड़े बताए जा रहे हैं।

जिला खनिज अधिकारी भूषण पटेल ने कहा कि विभाग अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चला रहा है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

### बिना नंबर प्लेट लगाए चलाए जा रहे वाहन

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि सभी रेत लोड वाहनों के आगे-पीछे नंबर प्लेट नहीं लगी थी,पुलिस और आरटीओ विभाग इसकी जांच कर रहे हैं। अधिकारियों का मानना है कि पहचान छिपाने और कार्रवाई से बचने के लिए रेत माफिया जानबूझकर वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं लगा रहे। पूछताछ में वाहन चालकों ने बताया कि एक वाहन प्रतिदिन 5 से 6 चक्कर लगाता है,स्थानीय स्तर पर लगभग एक हजार रुपये की लागत से निकाली गई रेत अंबिकापुर पहुंचते-पहुंचते 5 से 6 हजार रुपये या उससे अधिक में बिकती है। यही कारण है कि अवैध रेत कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है।

### नौगई कांड की घटना के बाद सक्रिय हुआ खनिज अमला

बता दें कि कोरिया जिले के नौगई में रेत कारोबार से उपजे विवाद के बाद एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के तीन लोगों को कार में पेट्रोल डाल जिंदा जला दिया था जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई।इसके अलावा 22 जून की रात रायपुर से छापेमारी के लिए पहुंची राज्य के खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम में शामिल आरक्षक की पिटाई करते हुए रेत लोड वाहन को रेत माफिया जबरन छुड़ा कर ले गए थे जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था।रेत कारोबार में खनिज माफियाओं की सक्रियता और लगातार निर्मित हो रही संघर्ष की स्थिति के बाद राज्य शासन भी अब सख्ती दिखा रहा है और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रहा है।

## नव निर्वाचित उपाध्यक्ष अंशुल ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



नगर पंचायत शिवनंदनपुर के प्रथम निर्वाचित उपाध्यक्ष के रूप में कांग्रेस नेता अंशुल गोयल ने शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर विधिवत अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, पूर्व जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। विधि-विधान से पूजा संपन्न होने के बाद अंशुल गोयल ने उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

- समर्थकों में दिखा उत्साह

गौरतलब है कि नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के चुनाव परिणाम के बाद अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की थी, जबकि उपाध्यक्ष पद को लेकर मुकाबला काफी रोचक रहा। 15 सदस्यीय नगर पंचायत में 8-8 पार्षदों की स्थिति बनने के बाद भी राजनीतिक घटनाक्रम में कांग्रेस के अंशुल गोयल ने बाजी मारते हुए उपाध्यक्ष पद कांग्रेस के खाते में डाल दिया। इसके साथ ही वे शिवनंदनपुर नगर पंचायत के इतिहास में प्रथम निर्वाचित उपाध्यक्ष बनने का गौरव हासिल कर चुके हैं। अंशुल गोयल के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद से ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। पदभार ग्रहण समारोह में भी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक नारे लगाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर अंशुल गोयल ने कहा कि नगर पंचायत के विकास, जनसुविधाओं को बेहतर बनाने और नगरवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शिवनंदनपुर को बेहतर और विकसित नगर बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम किया जाएगा।

कार्यक्रम में नगर निगम अंबिकापुर के नेता प्रतिपक्ष सफी अहमद, पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, सुभाष गोयल, खजान चंद जिंदल, कुसुमलता राजवाड़े,मोहन गोयल, विजय गोयल, रमेश दनोदिया, नरेंद्र जैन, प्रवेश गोयल, चंदन सिंह, आशीष यादव, केबी सिंह, रामलाल सोनी, संतोष जायसवाल, अनुपम फिलिप, चंदा सिंह विजेंदर सिंह , वेदप्रकाश मिश्रा, रामनारायण, विमला सिंह, अतुल मित्तल, संजय सोनी, पवन अग्रवाल, रामचंद्र यादव, गौरव गोयल, विकास गोयल, अशोक जिंदल, सन्नी अग्रवाल, पीयूष तिवारी, धनवीर खेड़ा सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### बाथरूम करने गए राजमिस्त्री की बाइक ले उड़े चोर

**अम्बिकापुर।** सड़क किनारे बाइक खड़ा कर बाथरूम करने गए राजमिस्त्री की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम अमगांव निवासी राजमिस्त्री दिलीप सिंह आ. सोहर (30 वर्ष) 21 जून को बाइक क्रमांक सीजी 15 ईसी 6319 से ग्राम डड़गांव गया था। दोपहर को घर आते समय जैसे ही भलुआ मोड़ के समीप पहुंचा तभी सड़क किनारे बाइक को खड़ा कर बाथरूम करने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(बी) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## मोहर्रम पर निकला भव्य ताजिया जुलूस, या हुसैन की सदाओं से गूंजा प्रतापपुर



**प्रतापपुर।** हसन हुसैन के शहादत से मोहर्रम के मौके पर नगर में अकीदत और गम का माहौल देखने को मिला। नगर में पारंपरिक ताजिया जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज सहित अन्य समुदायों के लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान या हुसैन की सदाएं गूंजती रही और लोगों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की।ताजिया जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होकर बस स्टैंड, राजघराना चौक, कॉलेज चौक कदमपारा से गुजरा जहां जगह-जगह लोगों ने सबील लगाकर शरबत और पानी का वितरण किया। युवाओं द्वारा अखाड़ा कला और पारंपरिक करतब भी प्रस्तुत किए, जिन्हें देखने के लिए सड़क किनारे लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। एक से एक ताजियादारी निकली गई। मोहर्रम को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। जुलूस मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की गई। पूरे आयोजन के दौरान भाईचारे और सौहार्द का संदेश देखने को मिला। समाज के वरिष्ठ जनों ने कहा कि मोहर्रम सिर्फ मातम का पर्व नहीं, बल्कि सत्य, इंसाफ और कुर्बानी का संदेश देने वाला पर्व है। इस दौरान ताजिया कमेटी के सदर मन्नान खान, अब्दुल ख्वाजा खान, कलीम खान रनहत, सिराजुल हक, राजा खान, तनवीर अहमद, लालू खान, मिक्की खान, शहादत हुसैन, गोल्डी खान, मोनी खान, इमरान खान, लक्की अली, जुल्फिकार कादरी, रिजवान अंसारी, फ़करु हाशमी, फरहान, फैज़ान, इरफान अंसारी, अर्सलान, सुहेल खान, सानू खान, इकराम, फैजान अंसारी, अर्जलान, अमन, समीउल्ला, आजम नूर, आदिल, मुकीद, मुजफ्फर खान सहित बड़ी संख्या में समाज के लिए शामिल थे।

- बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग हुए शामिल

सरगुजा मार्केट




## नालसा योजना अंतर्गत स्कूल में किया गया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नालसा योजना अंतर्गत विद्यालय में नशा मुक्ति एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती रुचि मिश्रा, व्यवहार न्यायाधीश आशीष भगत उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति, परिवार एवं समाज के लिए अत्यंत हानिकारक है तथा इससे दूर रहना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही विद्यार्थियों को किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा, संरक्षण एवं कानून द्वारा प्रदान किए गए विभिन्न प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति, बाल अधिकारों एवं कानूनी विषयों से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे। मुख्य वक्ताओं ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उनके प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सरल एवं प्रभावी ढंग से दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशीले पदार्थों के सेवन, विक्रय अथवा किसी अन्य प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त दिखाई देता है, तो इसकी सूचना तुरंत अपने माता-पिता, विद्यालय प्रशासन, निकटतम पुलिस थाना अथवा संबंधित अधिकारियों को देनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. राहुल अग्रवाल, प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, उप-प्राचार्य दीन दयाल तिवारी, समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने नशामुक्त भारत के निर्माण तथा जागरूक नागरिक बनने का संकल्प लिया।

## सोना, हीरा के पार्सल के लालच में महिला ने गंवाए 1.53 लाख रूपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

इंस्टाग्राम में दोस्ती करना महिला को उस समय महंगा पड गया जब पुरुष दोस्त ने सोना और हीरा का पार्सल भेजने के नाम से महिला से 1 लाख 53 हजार की ठगी कर लिया। पीड़िता ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक शहर के नमनाकला निवासी महिला की परिचय सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के माध्यम से रवि कुमार अग्रवाल नामक व्यक्ति से हुआ। 15 जून को महिला इंस्टाग्राम के माध्यम से रवि कुमार अग्रवाल से बात की तो रवि कुमार ने लंदन में रहकर व्यवसाय करने की बात बताई और अपना व्हाटसअप नम्बर भी महिला को दिया। व्हाटसअप के माध्यम से दोनों अक्सर बात करने लगे। 17 जून को रवि कुमार अग्रवाल नामक व्यक्ति ने व्यवसाय में काफी मुनाफा होने की बात बताई और महिला को उपहार के रूप में गिफ्ट भेजने की बात कही। महिला ने गिफ्ट लेने से मना कर दी लेकिन रवि कुमार गिफ्ट में सोना व हीरा होने की बात कहते हुए दबाव बनाने लगा जिस पर महिला गिफ्ट लेने को तैयार हो गई। इसी बीच अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और बताया कि कीमती पार्सल होने पर कस्टम चार्ज 27 हजार रूपए जमा करना पड़ेगा। महिला ने किसी लोखडे नामक व्यक्ति के खाते में पैसा जमा कर दिया। इसके बाद महिला से रूपए को डॉलर में बदलने 45 हजार रुपए टैक्स के नाम पर जमा करा लिया। महिला ने लंदन के रवि कुमार को पैसा भेज दिने की बात बताई। इस बीच रवि कुमार अग्रवाल नामक व्यक्ति ने उसे व्हाटसअप से एक टिकट भेजा और बताया कि वह पार्सल लेकर दिल्ली आ रहा है। साथ ही महिला से 81 हजार रूपए उसके खाते में जमा करने की बात कही जिस पर महिला ने पार्सल के लालच में रूपए खाते में जमा कर दी।

19 जून को पुनः रवि कुमार अग्रवाल नामक व्यक्ति ने 63 हजार रुपए की मांग की तो महिला ठगी करने की अंदेशा पर रुपए जमा नहीं की और घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

TOP IN SURGUJA

COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध | छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2026-27
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
विद्यासागर छात्रवृत्ति अधिकतम 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़ 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ 9826183771

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY) LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की संपूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव एवं सिजेरियन डिलीवरी; सोनोग्राफी की सुविधा; महिलाओं में संबंधित बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन; बांझपन (Infertility) एवं PCOD उपचार; हाई रिस्क प्रेगनेंसी प्रबंधन; हार्मोन एवं अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं; 24×7 दवाई इलाज की सुविधा
सर्जरी सेवाएं: बवासीर (Piles); फिस्टुला (Fistula); फिशर (Fissure); हाइड्रोसील (Hydrocele); अपेंडिक्स (Appendix); स्तन की गांठ
हड्डी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING ·DEEMED COLLEGE ·COUNSELLING ·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES ·FORM FILLUP ASSISTANCE ·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 28 जून 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण; टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग; नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श; बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेंटर - कृष्णा टॉकिज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

